कोरोनावायरस (COVID-19):

स्कॉटलैंड का स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क अपडेट: फरवरी 2021

स्कॉटिश सरकार
फरवरी 2021

सारांश

यह जानकारी 23 फरवरी 2021 तक सही है। आगे की जानकारी निम्नलिखित स्थान पर देखी जा सकती हैwww.gov.scot/coronavirus - लिंक पर क्लिक करें।

जबकि हम अधिक से अधिक लोगों के लिए और अधिक सामान्य जीवन पर लौटने का प्रयास करते हैं, हमारा सामरिक आशय वायरस को संभव न्यूनतम स्तर तक दमन करना और उसे वहाँ बनाए रखने का है। इसे हासिल करने के लिए हमारे पास छह मुख्य साधन हैं:

- हमारे टीकाकरण कार्यक्रम का सबसे तेज़ व्यावहारिक प्रारंभ
- टेस्ट और प्रोटेक्ट (परीक्षण करें और सुरक्षित रहें) का सबसे प्रभावी उपयोग
- वायरस के प्रसारण का दमन करने के लिए आनुपातिक सुरक्षात्मक उपाय (नियम और मार्गदर्शन) लागू करना
- वायरस के आयात के जोखिम को प्रबंधित करने के लिए प्रभावी उपाय
- व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने में सहयोग प्रदान करना
- संकटकाल के नुकसान को कम करने के लिए देखभाल और सहायता प्रदान करना

इन सभी छह का प्रयोग एक साथ करने की आवश्यकता है और इन्हें प्रभावी तरीके से कार्य करने के लिए हम सभी की प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है।

ऐसे अद्वितीय समय के दौरान लोगों को सुरक्षा और सहयोग प्रदान करने पर स्कॉटिश सरकार ने अपना ध्यान केंद्रित किया गया है और यह जारी रहेगा।

सीमा को रियल लिविंग वैज (वेतन) तक बढ़ाने के द्वारा हम सेल्फ-आइसोलेशन सपोर्ट ग्रांट के भुगतान के लिए पात्रता को विस्तृत कर रहे हैं और उन लाभों को भी बढ़ा रहे हैं जो लोगों को ग्रांट प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। वे अन्य लोग जो काम के संबंध में कठिनाई का सामना कर रहे हैं उन्हें ग्रांट का भुगतान करने के लिए हम स्थानीय अधिकारियों को अधिकार प्रदान करेंगे।

स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क बिज़नेस फंड इस वित्तीय वर्ष से परे भी व्यवसायों के लिए सहयोग प्रदान करना जारी रखेगा और व्यवसायों के लिए हम व्यापक सहयोग की समीक्षा करना जारी रखेंगे। उपलब्ध सहयोग पर नवीनतम जानकारी और अपडेट findbusinesssupport.gov.scotवेबसाइट पर पाए जा सकते हैं।

संपूर्ण महामारी के दौरान, अधिक सुरक्षित स्कॉटलैंड के लिए [FACTS](#) (अधिक जानकारी के लिए लिंक पर क्लिक करें) व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों का उपायों का पालन करने के महत्व को हमने बढ़ावा दिया है।

अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और आम यात्रा क्षेत्र के बाहर से स्कॉटलैंड पहुंचने वाले लोगों के लिए क्वारंटाइन (संगरोध) से जुड़े प्रतिबंधों को हमने मज़बूत किया है।

कोरोनावायरस के नए वेरिएंट (प्रकार) जिनका हम सामना कर रहे हैं, वे हमारे लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती खड़ी करते हैं। विशेष रूप से, इस वक्त प्रबल B.1.1.7 वेरिएंट की बढ़ी हुई प्रसार्यता आर नंबर को एक से नीचे रखते हुए और वायरस का दमन करते हुए गतिविधियों और परिस्थिति को खोलना कहीं अधिक कठिन बना देती है। परिणामस्वरूप, हम अपेक्षा करते हैं कि इस मौजूदा लॉकडाउन के बाद खोले जाने की प्रक्रिया पिछली गर्मियों की तुलना में अधिक आनुक्रमिक होगी और अधिक सावधानीपूर्वक होगी: यह उस वास्तविकता को दर्शाता है कि अब हम एक ही यानि की समान वायरस से नहीं निपट रहे हैं।

हमारी प्रारंभिक प्राथमिकताओं और सहजता के सुझाए गए अनुक्रमण को दर्शाते हुए, शुरू में एक राष्ट्रीय आधार पर और यथाक्रम से भौगोलिक रूप से विभिन्न स्तरों पर वापसी के साथ, हम आशा करते हैं कि लोग, व्यवसाय और अन्य संगठन सामान्य स्थिति के करीब आने के उस संभावित मार्ग को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। निम्न चित्र 1, चरणों की एक श्रृंखला के माध्यम से हमें कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, यह सचित्र समझाता है।

चित्र 1: स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क की चरणबद्धता

यहाँ क्लिक करें www.gov.scot/coronavirus यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप कोरोनो वायरस के बारे में सबसे नवीनतम जानकारी और मार्गदर्शन देख रहे हैं।

स्कॉटिश सरकार ने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि हम शिक्षा और अर्ली लर्निंग (आरंभिक शिक्षा) और चाइल्डकेयर (शिशुपालन) और स्कूलों के लिए चरणबद्ध वापसी को प्राथमिकता देंगे। इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है और इन-स्कूल लर्निंग (स्कूल में सीखने) पर वापिस लौटने की अगले चरण की योजना 15 मार्च से शुरू होगी। उस तारीख से - जब तक कि नए प्रमाण या नई परिस्थितियाँ हमें पुनर्विचार करने के लिए मजबूर न करें - प्राथमिक 4 से 7 तक के सभी बच्चे पूर्णकालिक आधार पर स्कूल वापस जाएंगे और सभी प्राथमिक स्कूली बच्चे विनियमित चाइल्डकेयर में वापस आ सकेंगे, जिसमें नाश्ता और स्कूल के बाद के क्लब भी समाविष्ट हैं।

15 मार्च से, सभी माध्यमिक विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता दूरस्थ शिक्षा और कुछ इन - स्कूल शिक्षण दोनों प्राप्त होंगे - एक स्पष्ट अपेक्षा के साथ कि सभी माध्यमिक स्कूल के छात्र ईस्टर की छुट्टियों के बाद पूर्णकालिक आधार पर स्कूल में वापस आएंगे।

स्कूल वापसी का चरणबद्ध दृष्टिकोण दृढ़तापूर्वक हमें प्राप्त हुई विशेषज्ञ सलाह पर आधारित है। ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्कूल वापस लाने का और जितना संभव हो सके उतने सुरक्षित ढंग से लाने का यह सबसे अच्छा और सबसे दीर्घकालिक व स्थायी रास्ता है

रिश्तेदारों/दोस्तों और निवासियों के बीच सार्थक संपर्क को सुसाध्य बनाने के लिए मार्च के प्रारंभ से हमने कुछ देखभाल घरों को खोलने की भी घोषणा की है।

हालाँकि, देखभाल घरों को मुलाकात के लिए खोलने के साथ-साथ यह हासिल करने का अर्थ है कि मार्च के मध्य से पहले प्रतिबंधों में किसी भी तरह की अधिक सहजता प्रदान करने की अत्यधिक संभावना नहीं है। वास्तव में, हमारा विचार है कि घर पर रहने की वर्तमान आवश्यकता, जब तक कि आपके पास घर से बाहर निकलने का कोई उचित कारण न हो, कम से कम अप्रैल की शुरुआत तक लागू रहेगा ताकि हम बच्चों को स्कूल वापस लाने के लिए पर्याप्त क्षमता का निर्माण कर सकें।

किसी भी परिवर्तन का समय, प्रमाण और डेटा द्वारा संचालित होगा, पूर्व निर्धारित तारीखों से नहीं। यह भी महत्वपूर्ण है कि हम परिवर्तनों के प्रभाव को देखने के लिए समीक्षाओं के बीच पर्याप्त समय छोड़ दें।

उचित समय पर, तब तक हम भौगोलिक रूप से विभेदित स्तरों के दृष्टिकोण पर वापस जाने की अपेक्षा करते हैं जब तक कि स्कॉटलैंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायरस एक महत्वपूर्ण खतरा नहीं है। क्योंकि टीकाकरण का प्रारंभ, प्रसारण (ट्रांसमिशन) को कम करने के साथ-साथ स्वास्थ्य की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण होगा, हमारी वर्तमान योजना यह है कि इससे पहले कि स्कॉटलैंड पूरी तरह से परिवर्तनीय स्तरों पर लौटने के लिए सुरक्षित हो, हमने कम से कम सभी JCVI (**टीकाकरण और प्रतिरक्षण पर संयुक्त समिति**)1- 9 प्राथमिकता समूह को आवश्यक रूप से वैक्सीन प्रदान किया हो।

चित्र 2: प्रतिबंधों को आयोजित तरीके से सहजता प्रदान करना



जब हम ये कदम उठाते हैं, निरंतर परीक्षण, वैक्सीन का प्रारंभ, सीमा के उपाय और लोगों और व्यवसायों को सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने में मदद करने के लिए उपायों और सहयोग को एक साथ लाना महत्वपूर्ण होगा।

हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि इस घातक वायरस का दमन करने के लिए ये साधन जितने हो सकें उतने प्रभावी हों। जब हम सब अपनी भूमिका निभाएंगे तब इसमें सफलता प्राप्त करना संभव होगा।

अंततः हम उस चरण पर प्रगति करना चाहते हैं, जहाँ, हालाँकि COVID-19 के पूरी तरह से समाप्त होने की संभावना नहीं है, लेकिन इसका हमारे दैनिक जीवन पर इस तरह के विघटनकारी प्रभाव होना समाप्त हो जाए और अब उसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा न माना जाए। हालाँकि, इस चरण तक पहुँचने के लिए, अधिकतम दमन की कार्यनीति आवश्यक है।

हम इस बात की सराहना करते हैं कि स्कॉटलैंड में हर कोई जानना चाहता है कि कब चीजें फिर से सामान्य महसूस होंगी और "नया सामान्य" कैसा दिखाई देगा । वायरस से जुड़ी अनिश्चितता को देखते हुए, इस समय उत्तरों के बारे में कोई भी पूरी तरह निश्चित नहीं हो सकता है। लेकिन भविष्य को देखते हुए, हम आशा और अपेक्षा करते हैं कि टीकाकरण कार्यक्रम COVID से जुड़ी रुग्णता और मृत्यु दर दोनों को अर्थपूर्ण रूप से कम कर देगा। नए उपचार भी उभर रहे हैं और विकसित होते रहेंगे जो COVID के प्रत्यक्ष नुकसान को और कम कर सकते हैं।

समय बीतने के साथ, इस सकारात्मक घटनाक्रम का अर्थ यह होना चाहिए कि COVID अब स्कॉटलैंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा नहीं है। हालाँकि यह संभावना है कि यह अभी भी एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी रहेगी: एक समाज के रूप में यह संभावना है की हमें COVID के साथ एक स्थायी विशेषता के रूप में रहना पड़ेगा। और भले ही हमें कुछ सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का अनुपालन जारी रखना पड़ सकता है और भविष्य के प्रकोपों के जोखिम के प्रति सतर्क रहना पड़ सकता है, प्रतिबंधों के सामान्य रूप से हटाए जाने के लिए हम आशावादी रह सकते हैं।